हिंद स्वराज्य’ पुस्तक वाचन सप्ताह 2019

आज 26 सितंबर 2019 सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय प्रागंण में प्रार्थना सभा के अवसर पर महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गांधी साहित्य से उनकी पुस्तक ‘‘हिद स्वराज्य’’ का सामूहिक वाचन सप्ताह का आरंभ किया गया।

इसका उद्देश्य महात्मा गांधी जी की विचारधारा से भावी कर्णधारों को अवगत कराना तथा गांधी जी की विचारधारा का समाज में आधुनिक संदर्भ पर चिन्तन करना है।

इसका आरंभ हिंदी शिक्षिका श्रीमती मीना शर्मा तथा श्रीमती रेखा श्रीवास्तव द्वारा छात्रों के समक्ष पुस्तक परिचय देते हुए वाचन किया गया तथा पुस्तक वाचन का उद्देश्य स्पष्ट किया गया । इस पुस्तक का वाचन कक्षा नवीं से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों द्वारा 2 अक्टूबर तक एक निश्चित अवधि तक करवाया जाएगा।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ब्रदर मोनाचन, उप–प्रधानाचार्य ब्रदर बाला जोसफ़ तथा समस्त शिक्षकगण उपस्थित थे।